

## समग्रता-निर्मित, सफलता हेतु निर्माण:

# कैन्नामैटल आचार-संहिता

KENNAMETAL®

# विषय-वस्तु


**3 कैन्नामैटल आचार-संहिता के लिए CEO का संदेश**

**4 प्रस्तावना**

हमने अपनी आचार-संहिता क्यों तैयार की है? .........................4

संहिता का अनुपालन किसे करना चाहिए? ........................5

मुझे संहिता का इस्तेमाल कैसे करना चाहिए? .......................5

यदि कोई संहिता की उल्लंघना करता है, तो क्या होता है?.............5

**6 बोलना - सहायता के लिए कहना और चिंताएं उठाना**

मैं कैसे रिपोर्ट करूं?....................7

जब मैं रिपोर्ट करूं, तो क्या होता है? ....8

हमारी कंपनी प्रतिशोध को निषेध करती है. . . . . . . . . . . . . . . . . 9

**10 समग्रता से सफलता हासिल करना**

हम बेहतरीन लोगों को आकर्षित करते हैं व उन्हें अपने पास बनाए रखते हैं

हम विविध और समावेशी श्रमिकों को बनाए रखते हैं .....................11

हम एक दूसरे से आपसी सम्मान का व्यवहार करते हैं।..................12

हम व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता का सम्मान करते हैं.........13

हम सुरक्षित कार्य करते हैं, स्वास्थ्य की संरक्षा करते हैं और वातावरण को बचाते हैं

हम सुरक्षित और मादक-द्रव्यों से मुक्त कार्य-स्थल को बढ़ावा देते हैं.......15

हम अपने वातावरण की संभाल करते हैं और अपने समुदायों की सहायता करते हैं.......................15

हम समग्रता व नई खोज से सफलता हासिल करते हैं

हम निष्पक्षता से प्रतिस्पर्धा करते हैं.....17

हम रिश्वत नहीं देते ...................19

उपहारों के आदान-प्रदान व मनोरंजन के समय हम अच्छे निर्णय का इस्तेमाल करते हैं.....................22

हमने हितों के टकराव को पहचाना और उनका खुलासा किया...............24

हम निर्यात, आयात और व्यापार नियंत्रक सभी कानूनों का अनुपालन करते हैं. ...........................25

हम राजनीतिक प्रक्रिया में निष्पक्षता व सभी कानूनों और इनके अनुपालन से हिस्सा लेते हैं ......................27

कार्य-निष्पादन पर हमें अपने आप पर गर्व है

हम अंदरूनी जानकारी पर व्यापार नहीं करते या सूचना नहीं देते ..........29

हम अपनी वित्तीय रिपोर्टिंग में पारदर्शिता दिखाते हैं.................30

हम अपनी कंपनी की संपत्तियों व जानकारी की सुरक्षा करते हैं ..........31

हम अपनी बौद्धिक संपत्ति की सुरक्षा करते हैं.....................32

हम अपनी कंपनी के सूचना-तंत्र का इस्तेमाल ज़िम्मेदारी से करते हैं. ........33

हम ज़िम्मेदार रिकॉर्ड प्रबंधन अपनाते हैं...........................34

हम ध्यानपूर्वक संवाद करते हैं..........35

हम अपने उत्पादों के पक्षधर हैं और अपने ग्राहकों को प्राथमिकता देते हैं

हमें अपने उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा पर अपने आप पर गर्व है ........37

जब सरकार हमारी ग्राहक हो, तो हम विशेष नियमों का अनुपालन करते हैं.....37

**38 निष्कर्ष**

**39 हेल्पलाइन सूचना**

**40 सूची**

**41 प्रमाणीकरण**

# कैन्नामैटल आचार-संहिता के लिए CEO का संदेश



प्रिय साथी टीम के सदस्य,

नैतिकता, अखंडता और सम्मान हमारी संस्कृति की नींव में 80 से अधिक वर्षों से है, और हमारी भविष्य की सफलता आप सभी पर हर दिन सही तरीके से व्यवसाय का संचालन करने पर निर्भर करती है।

कभी-कभी व्यवसाय में जवाब हमेशा स्पष्ट नहीं होते हैं और निर्णय चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। Kennametal आचार संहिता यह परिभाषित करती है कि हम अखंडता के साथ कैसे जीतते हैं, और यह अच्छे निर्णय लेने के लिए हमारा रोडमैप है जो हमें लंबे समय तक अच्छी तरह से सेवा प्रदान करेगा।

Kennametal में हमारी व्यक्तिगत भूमिकाओं के बावजूद, हम अपने निर्णयों से Kennametal की प्रतिष्ठा पर प्रभाव डालते हैं। जवाबदेह बनें, ध्यान से सोचें और पता करें कि मदद के लिए कहां जाएं या सवालों और चिंताओं को कहां प्रस्तुत करें।

हम हर दिन आचार संहिता के साथ जीने के लिए आप पर भरोसा कर रहे हैं। आप Kennametal की प्रतिष्ठा के संरक्षक हैं और एक बेहतर, उज्ज्वल भविष्य के निर्माणकर्ता हैं।



"क्रिस्टोफ़र रोसी
प्रेसिडेंट और चीफ़ एग्ज़ीक्यूटिव ऑफ़िसर"

# प्रस्तावना



## हमने अपनी आचार-संहिता क्यों तैयार की है?

कैन्नामैटल में, हम जो कुछ भी करते हैं, उसकी जीत का आधार नैतिकता और ईमानदारी है। कैन्नामैटल टीम के प्रत्येक सदस्य और कारोबार के भागीदार की गतिविधियां व निर्णय इस संयुक्त वैश्विक लक्ष्य का प्रत्यक्ष रूप से समर्थन करते हैं। हमारे मूल मूल्य और उत्कृष्ठता के प्रति हमारी वचनबद्धता बताती है कि हम कौन हैं और यह भविष्य के लिए हमें राह दिखाती हैं।

हम सभी समझते हैं कि कैन्नामैटल की सफलता के लिए सही निर्णय लेना और उपयुक्त कारर्वाईयां करना ज़रूरी हैं, परंतु कई बार ऐसा होता है, जब स्थिति के हिसाब से बेहतरीन पहलू इतना स्पष्ट नहीं होता:

- कुछ नैतिक दुविधाएं या पेचीदा कारक हो सकते हैं, जिनके लिए हमें अतिरिक्त अगुवाई की आवश्यकता पड़ती है
- ऐसे जोखिम हो सकते हैं, जिन्हें हम पूरी तरह नहीं समझ पाते
- जहां हम काम करते हैं, वहां स्थापनाओं में कानून या तरीके हो सकते हैं, वहां पर कैन्नामैटल के मूल मूल्यों में विरोधाभास हो सकता है

हमारी आचार-संहिता ("संहिता") एक संदर्भ गाइड है - एक ऐसा स्थान, जहां से साझे मूल्यों और बुनियादी सिद्धांतों संबंधी स्पष्टता प्राप्त की जाती है, जो हमें बताती है कि कैन्नामैटल वैश्विक तौर पर कैसे काम करता है।

हालांकि संहिता संभव तौर पर प्रत्येक कानून, जिसकी हमें पालना करनी चाहिए, का ब्यौरा नहीं दे सकती, या प्रत्येक नैतिक प्रश्न का उत्तर, जिससे हमारा सामना हो सकता है, वैश्विक तौर पर नैतिक व्यवहार की कैन्नामैटल की अपेक्षायों को दर्शाता है और अच्छे निर्णय करने के लिए रूपरेखा उपलब्ध करती है - इसलिए हमें विश्वास है कि संहिता का अनुपालन हमें ईमानदारी के साथ सफलता के सक्षम बनाएगा।

> "हमारे मूल मूल्य और **उत्कृष्ठता के प्रति हमारी वचनबद्धता** बताती है कि हम कौन हैं और **यह भविष्य के लिए हमें राह दिखाती हैं।**"

## संहिता का अनुपालन किसे करना चाहिए?

संहिता कैन्नामैटल के सभी कर्मचारियों, अधिकारियों व निदेशकों और वैश्विक तौर पर संबंधित हमारी कंपनियों पर लागू होती है। हम अपने कारोबारी भागीदारों, जिनमें आपूर्तिकर्ता, वेंडर्स, एजेंट, वितरक और ठेकेदार शामिल हैं, से अपेक्षा करते हैं कि वो हमारी संहिता की आवश्यकतायों के अनुसार व्यवहार करें। कैन्नामैटल आपूर्तिकर्तायों से अपेक्षा करता है कि वे हमारे **आपूर्तिकर्ता के व्यवहार के सिद्धांतों** में दिए गए निर्देशों को जाने व उनका अनुपालन करें और उनके आपूर्तिकर्ता व उप-ठेकेदार उन्हीं उच्च मानकों का पालन करें।

## मुझे संहिता का इस्तेमाल कैसे करना चाहिए?

जब आपके प्रश्न हों या अगुवाई की आवश्यकता हो, तो संहिता को एक विश्वसनीय स्रोत मानें। संहिता अच्छे निर्णय लेने के लिए रूपरेखा उपलब्ध करती है और इसमें संभव नैतिक दुविधायों से कैसे निपटा जाए, के उदाहरण शामिल हैं। शंका होने पर बेहतरीन कार्रवाई का पता लगाने के लिए संहिता में संदर्भित स्रोतों से सम्पर्क करें। हम चाहते हैं कि टीम का प्रत्येक सदस्य उपयुक्त चयन करके कैन्नामैटल की सफलता और प्रतिष्ठा बनाए रखे।

## यदि कोई संहिता की उल्लंघना करता है, तो क्या होता है?

कैन्नामैटल में, हम जब मिलकर काम करते हैं, तो हम सफल होते हैं। यह केवल इस बात पर निर्भर नहीं करता कि हम अपने उत्पाद कैसे बनाते व बेचते हैं, लेकिन केवल यह बात महत्वपूर्ण है कि - कार्य-स्थल और बाज़ार में हम कैसा आचरण करते हैं। हम अपनी संहिता के उल्लंघन को बहुत गंभीरता से लेते हैं और वो लोग, जो इस संहिता का पालन करने में नाकाम रहते हैं, को उत्तरदायी ठहराया जाएगा और उन्हें अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है, जिसमें रोज़गार की समाप्ति तक व रोज़गार की समाप्ति शामिल हो सकती है।

# प्रस्तावना

### नैतिक निर्णय करना

कैन्नामैटल में अच्छे चयन करना कार्य का हिस्सा है। प्रत्येक दिन चौकस विचार व सोच-विचार हमें अच्छे चयन करने में मदद करती है। यदि आपके सामने ऐसी स्थिति आती है, जहां उपयुक्त पहुंच स्पष्ट नहीं है, तो अच्छा चयन करने में मार्गदर्शन के लिए आप इन प्रश्नों का इस्तेमाल करें:

## क्या मैं अच्छा चयन कर रहा/रही हूं?

- क्या कैन्नामैटल पर इसका सकारात्मक असर पड़ेगा?
- क्या यह मेरे लिए सही लगता है?
- क्या यह संहिता, कानून और कंपनी की नीतियों के अनुरूप है?
- क्या मेरे सहकर्मी या मित्र कार्रवाई या निर्णय से सहमत होंगे?
- क्या मुझे अपने स्थानीय समाचार-पत्र में अपनी कार्रवाई या निर्णय के बारे में पढ़ना चाहिए?

○ **हां** ○ **नहीं** ○ **पक्का नहीं**

उपरोक्त प्रश्नों में से यदि आप किसी भी प्रश्न का उत्तर **"नहीं"** या **"पक्का नहीं"** में देते है, तो – अब तुरंत सलाह लेने का समय है ।

# बोलना

## सहायता के लिए कहना और चिंताएं उठाना



कार्य-स्थल व बाज़ार में सफलता हासिल करना, मुख्य तौर पर मज़बूत भागीदार और नैतिकता वाली कंपनी के रूप में हमारी प्रतिष्ठा पर निर्भर करती है। हम चाहते हैं कि कैन्नामैटल टीम के सभी सदस्य और कारोबारी भागीदार अपने शब्दों व कार्रवाईयों में समग्रता हेतु प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए मिलकर काम करें। हम ऐसा केवल अपने स्वयं के व्यवहार के बारे में अच्छे निर्णय लेकर नहीं करते, बल्कि यदि सही चयन के बारे में हमारे प्रश्न हैं, तो ऐसा हम बोलकर या संभावी दुर्व्यवहार संबंधी चिंताएं उठाने का हौसला होने के कारण करते हैं।



## मैं कैसे रिपोर्ट करूं?

यदि आपको कानून, कंपनी की नीति या इस संहिता की उल्लंघना का पता है, तो कैन्नामैटल आप पर निर्भर है और आपको अधिकार देता है कि आप रिपोर्ट करें। हम समझते हैं कि प्रश्न पूछना या चिंतायों की रिपोर्टिंग करना ज़रूरी है, परंतु यह हमेशा सुविधापूर्ण नहीं है, इसलिए सम्पर्क करने के लिए हमने आपको कई स्रोत उपलब्ध कराए हैं।

## स्रोतों को रिपोर्टिंग करना

मार्गदर्शन लेने या चिंताएं उठाने हेतु आपके लिए निम्नलिखित स्रोत उपलब्ध हैं:

- आपका मौजूदा प्रबंधक, अगले स्तर का प्रबंधक या क्षेत्रीय या कार्पोरेट नेतृत्व टीमों का सदस्य
- नैतिकता व अनुपालन कार्यालय
  - कैन्नामैटल हैल्पलाइन (अतिरिक्त जानकारी नीचे दी गई है)
  - ईमेल: k-corp.ethics@kennametal.com
  - फोन: +1 412-248-8275
  - डाक:

    Kennametal Inc.<br>
    नैतिकता व अनुपालन कार्यालय<br>
    (Office of Ethics and Compliance)<br>
    525 William Penn Place, Suite 3300<br>
    Pittsburgh, Pennsylvania, USA 15219
- जनरल काउंसिल कार्यालय
- आंतरिक ऑडिट
- आपका मानव संसाधन प्रतिनिधि

## कैन्नामैटल हैल्पलाइन

हैल्पलाइन पर रिपोर्ट टैलिफोन या इंटरनैट द्वारा की जा सकती हैं और जहां कानून आज्ञा देता हो, गुप्त व अनाम आधार पर अपनी स्थानीय भाषा में रिपोर्ट की जा सकती हैं। हैल्पलाइन एक निष्पक्ष तीसरा पक्षकार चलाता है और यह दिन में 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन उपलब्ध है। हम आपको दृढ़तापूर्वक प्रेरित करते हैं कि सम्पूर्ण जांच कराने के लिए अपनी हैल्पलाइन में जितनी संभव हो, जानकारी उपलब्ध कराएं।

अपने स्थान के लागू हेल्पलाइन टेलीफोन नंबर के लिए इस कोड के पृष्ठ 39 को देखें। जहां उपलब्ध हो, इस कोड में सूचीबद्ध देश विशेष हेल्पलाइन नंबर का उपयोग करें। संयुक्त राज्य अमेरिका या कनाडा में रहने वालों के लिए, टेलीफोन द्वारा हेल्पलाइन तक पहुँचने के लिए टोल फ्री नंबर +1 877-781-7319 है। यदि आप ऐसे स्थान पर हैं जहां कोई देश विशेष हेल्पलाइन टेलीफोन नंबर सूचीबद्ध नहीं है, तो आपको पहले आपके स्थान के लिए लागू AT&T एक्सेस नंबर डायल करने के बाद +1 877-781-7319 डायल करने की आवश्यकता होगी। अतिरिक्त जानकारी हब से सुलभ नैतिकता और अनुपालन के कैन्नामेटल कार्यालय शेयरपॉइंट साइट पर उपलब्ध है।

नीचे दी गई हैल्पलाइन पर इंटरनैट द्वारा कैन्नामैटल हैल्पलाइन पर किसी भी समय गुप्त तौर पर और अनाम तौर पर भी रिपोर्ट की जा सकती हैं: https://kennametal.ethicspoint.com

# बोलना



## जब मैं रिपोर्ट करूं, तो क्या होता है?

सभी हैल्पलाइन रिपोर्टों और नैतिकता संबंधी प्रश्नों के मूल्यांकन व प्रतिक्रिया देने के लिए हमारे पास पेशेवर, निष्पक्ष और गोपनीय प्रक्रिया है। यदि आप कोई चिंता बताते हैं, तो कैन्नामैटल इसे गंभीरता से लेगा और इसकी तुरंत व स्थानीय कानून अनुसार जांच करेगा।

रिपोर्ट से संबंधित सारी जानकारी को गोपनीय रखा जाता है और इस तक केवल उन लोगों की पहुंच होगी, जिनकी जांच और निर्धारित समस्याओं के समाधान के लिए कोई कार्रवाईयां करने हेतु आव-श्यकता है। जब संभव हुआ, हम रिपोर्ट करने वाले के साथ जांच के नतीजे साझे करेंगे। यदि आप हैल्पलाइन के द्वारा अनाम रिपोर्ट करने का चयन करते हैं, तो आपकी रिपोर्ट की स्थिति को जांचने या अतिरिक्त जानकारी मांगने के जवाब हेतु आपको एक संदर्भ नंबर दिया जाएगा।

> "यदि आप कोई चिंता उठाते हैं, तो कैन्नामैटल**इसे गंभीरता से लेगा**और इसकी **तुरंत जांच करेगा** ।"


# हमारी कंपनी प्रतिशोध को निषेध करती है

हम मानते हैं कि कई बार ऐसा होता है, जब आप मार्गदर्शन लेने या चिंता उठाने में आपकी दिलचस्पी नहीं हो सकती। परंतु, हम किसी भी व्यक्ति, जिस ने अच्छी नीयत से ज्ञात या संदिग्ध नैतिक या कानूनी दुर्व्यवहार की रिपोर्ट की है, के विरुद्ध प्रतिशोध की कार्रवाईयां बर्दाश्त न करने के लिए दृढ़ता से वचनबद्ध हैं। "अच्छी नीयत" से रिपोर्ट करने का अर्थ केवल यह है कि आपने अपनी सारी जानकारी उपलब्ध कराई है और आपका मानना है कि यह सच्ची है। आपको यह जानते हुए अच्छा महसूस करना चाहिए कि आपको कोई परेशानी नहीं होगी, यदि आपने अच्छी नीयत से इस संहिता की संदिग्ध उल्लंघना की रिपोर्ट की है - चाहे आपकी चिंताएं निराधार ही क्यों न निकलें।

कैन्नामैटल की वैश्विक नीति उन सभी लोगों, जिन्होंने अच्छी नीयत से चिंता की रिपोर्ट की है, के विरुद्ध प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष प्रतिशोध के सभी रुपों की मनाही करती है। अधिक जानकारी के लिए कैन्नामैटल की **ग़ैर-प्रतिशोध और दायित्व नीति की रिपोर्टिंग** की समीक्षा करें।

कंपनी, रिपोर्ट करने, इस संहिता के बारे में प्रश्न पूछने या जांच में सहयोग करने के लिए आपके विरुद्ध प्रतिशोध की कार्रवाई नहीं करेगी। इसका अर्थ है कि मार्गदर्शन लेने या चिंता उठाने के लिए कोई आपके विरुद्ध अनुशास्नात्मक कार्रवाई या आपके साथ दुर्व्यवहार नहीं कर सकता। कोई व्यक्ति इस ढंग से प्रतिशोध करते मिला, तो उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें रोज़गार की समाप्ति तक व रोज़गार की समाप्ति शामिल हो सकती है।

## पता लगानाः
## प्रतिशोध के उदाहरण



बदले की कार्रवाईयों में शामिल हो सकते हैं, परंतु निम्नलिखित उदाहरणों तक सीमित नहीं हैं:

- नौकरी से निकालना या हटा देना
- पदावनत करना या दंड देना
- लाभ, ओवरटाइम या प्रोन्नति न देना
- डराना-धमकाना
- मज़दूरी पर रखने या फिर से मज़दूरी पर रखने में नाकाम रहना
- पुनर्नियुक्ति से प्रोन्नति की संभावनाओं पर असर पड़ना
- वेतन या काम का समय घटाना
- अन्य प्रकार के प्रतिशोध में किसी को कंपनी की कार्रवाईयों से जानबूझ कर बाहर रखना या इस ढंग से काम करना, जिससे व्यक्ति के काम करने के वातावरण पर उल्टा असर पड़ना शामिल है।

# समग्रता से सफलता हासिल करना



## हम बेहतरीन लोगों को आकर्षित करते हैं व उन्हें अपने पास बनाए रखते हैं

हम बेहतरीन लोगों को आकर्षित करने, काम पर लगाने, उन्हें तैयार करने और अपने पास बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं और काम करने के लिए उन्हें बढ़िया स्थान उपलब्ध करते हैं, जो कि निरंतर सीखने और विकास करने हेतु समावेशी व सुनहरे अवसर देता है।

## हम विविध और समावेशी श्रमिकों को बनाए रखते हैं

हम अपने लोगों की अलग-अलग पृष्ठभूमियों और संभावनाओं की कद्र करते हैं और हमारा विश्वास है कि यही विविधता अपने ग्राहकों व अंशधारकों पर सफलता पाने के लिए हमें ताकत देती है। रोज़गार संबंधी निर्णय करते समय हम अपनी टीम के सभी सदस्यों और कारोबारी भागीदारों से एक समान व निष्पक्ष व्यवहार करते हैं और लोगों को केवल योग्यता के आधार पर अवसर देते हैं। कैन्नामैटल किसी संरक्षित कारणों के आधार पर प्रताड़ित करने व भेदभाव करने की मनाही करता है।

### समग्रता से सफलता पाने का अर्थ है...

- कैन्नामैटल में अपने आस-पास विविध विचारों व अनुभवों की प्रशंसा करना और उन्हें इस्तेमाल करना, चाहे वे आपके सहकर्मियों या कारोबारी भागीदारों में से हों।
- कंपनी के प्रति उनके योगदान और उनकी कौशलता व अनुभवों के आधार पर लोगों की कद्र करना व मूल्यांकन करना।
- रोज़गार-संबंधी सभी निर्णयों - जिनमें मज़दूरी पर रखना, नौकरी से हटाना, प्रोन्नतियां या नौकरी के तबादले शामिल हैं, केवल कारोबार की आवश्यकतायों, व्यक्तिगत योगताओं, क्षमता, योगदान और प्रदर्शित कार्य-निष्पादन का आधार तैयार करना।
- हम जहां कहीं भी काम करें, सभी व्यक्तियों के बुनियादी मानवाधिकार का सम्मान करना।

### आधारभूत

कैन्नामैटल ऐसा कार्य-स्थल बनाए रखने के लिए वचनबद्ध है, जो प्रताड़ित करने व भेदभाव करने के सभी रूपों से मुक्त हो, इनमें स्थानीय कानून के अनुसार निम्नलिखित लक्षणों के आधार पर शामिल हैं, परंतु यहीं तक सीमित नहीं हैं:

- नस्ल या रंग
- धर्म
- उम्र
- लिंग
- लिंग की पहचान
- लिंग
- लिंग अभिविन्यास
- राष्ट्रीय मूल या जातीयता
- वैवाहिक व पारिवारिक स्थिति
- नागरिकता की स्थिति
- वैटर्न स्थिति
- कोई अन्य लक्षण, जो लागू कानून या नियमन द्वारा संरक्षित है



# समग्रता से सफलता हासिल करना



## हम एक दूसरे से आपसी सम्मान का व्यवहार करते हैं।

कैन्नामैटल में, हम आपसी सम्मान की मज़बूत संस्कृति की कद्र करते हैं और हर प्रकार के भेदभाव, प्रताड़ित करने और डराने-धमकाने की मनाही करते हैं। हम जहां कहीं भी काम करें या कारोबार करें, हम दूसरों के साथ सम्मान व गरिमा वाला व्यवहार करते हैं।

### समग्रता से सफलता पाने का अर्थ है...

- पेशेवाराना वर्ताव करना और हर समय औरों के साथ सम्मान व गरिमा से पेश आना।
- कभी भी औरों को हिंसा या डरावे से दबंगई करना या धमकियां न देना।
- चौकस रहें कि अन्य लोगों को आपका व्यवहार अनुचित या आक्रामक न लगे।
- अगुआ लोग, अपनी टीम में आपसी सम्मान की संस्कृति बढ़ाएं।

### आधारभूत

कार्रवाईयों या व्यवहार के आधार पर व्यक्ति या लोगों के समूह को प्रताड़ित करने और डराने धमकाने संबंधी व्यवहार अप्रिय आचरण हैं, जिससे कि:

- व्यक्ति के आत्म-सम्मान को ठेस पहुंचाने का इरादा या कार्य-स्थल पर डराने धमकाने, प्रतिकूल या अप्रिय वातावरण बनाना;
- पीड़ित करने के लिए काम के प्रदर्शन को कारण बनाना; या
- कैरियर के अवसरों, विकास या प्रगति पर बुरा असर पड़ना।



## हम व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता का सम्मान करते हैं

हमारे लोग व्यक्तिगत और निजी जानकारी की सुरक्षा के लिए हम पर भरोसा करते हैं, जो वे हमारे साथ साझा करते हैं। हम सारे गोपनीय व डाटा सुरक्षा कानूनों की पालना करते हैं, जो हमारे द्वारा एकत्र की गई जानकारी पर लागू होते हैं और कर्मचारियों और कारोबारी भागीदारों की व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करने, इस्तेमाल करने या स्टोरिंग करते समय अत्यंत सावधानी रखते हैं।

### समग्रता से सफलता पाने का अर्थ है...

- जाने कि व्यक्तिगत जानकारी का पता कैसे लगाएं और कंपनी की नीति व कानून के अनुसार इसका उपयुक्त ढंग से प्रबंध करना।
- केवल व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करें, उस तक पहुंच करें और स्टोर करें, यदि आप ऐसा करने के लिए अधिकारप्राप्त हैं और अपना काम पूरा करने में इसकी आवश्यकता है।
- कभी भी किसी ऐसे व्यक्ति से व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें, जिसका इससे कोई संबंध नहीं है।

### **हम सफल** होते हैं, जब हम **अच्छे निर्णय** लेते हैं।

कल जब मैं कॉपी मशीन का इस्तेमाल करने गया, तो वहां मैने वेतन के बारे में कुछ जानकारी देखी, जिसके बारे में मैं जानता हूं कि मुझे नहीं देखनी चाहिए थी। इस पर नज़र डालने से मैं बता सकता हूं कि इस पर मेरे कुछ सहकर्मियों के नाम और तदनुसार जानकारी थी, जो उनके कुल वेतन भुगतान से संबंधित थी। इस दस्तावेज़ पर नज़दीक से नज़र मारना मुश्किल नहीं था, क्योंकि इस पर अच्छी जानकारी रही होगी, विशेष तौर पर, क्योंकि मैं उम्मीद कर रहा हूं कि इसे वेतन बढ़ाने के लिए केस बनाऊं। यह एक आकर्षण था, मैने दस्तावेज़ लिया और इसे सीधे अपने प्रबंधक के पास ले गया। मैं जानता हूं कि उन्होंने इसकी कितनी प्रशंसा की थी कि मैने उस व्यक्तिगत जानकारी का सम्मान किया, जो मेरे लिए नहीं थी और मैने उन्हें यह दस्तावेज़ वापिस कर दिया।



# समग्रता से सफलता हासिल करना

## हम सुरक्षित कार्य करते हैं, स्वास्थ्य की संरक्षा करते हैं और वातावरण को बचाते हैं

हम जानते हैं कि कैन्नामैटल की सफलता में प्रत्यक्ष योगदान उत्कृष्ट वातावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा (EHS) निष्पादन का है और यह हमारी पूरी विकास क्षमता हासिल करने के लिए ज़रूरी है। अपनी रोज़ की कार्रवाईयों और निर्णय लेने संबंधी प्रक्रियाओं में सुरक्षा तरीकों, सामाजिक ज़िम्मेदारी और वातावरण संबंधी कौशलता को मिलाकर हम EHS को अपने कारोबार का बुनियादी हिस्सा बनाते हैं।



## हम सुरक्षित और मादक-द्रव्यों से मुक्त कार्य-स्थल को बढ़ावा देते हैं

हम सभी सुरक्षित, स्वास्थ्यवर्द्धक और मादक द्रव्यों के सेवन से मुक्त कार्य-स्थल व दुनिया भर में सभी कार्य-स्थलों पर चोट लगने व वातावरण संबंधी घटनाओं की रोकथाम बनाए रखने की ज़िम्मेदारी साझा करते हैं। इसकी शुरूआत सभी वैश्विक कानूनों व नियमों के अनुपालन से होती है, जो हम पर लागू होते हैं। परंतु इसका अर्थ यह भी है कि हमेशा सुरक्षा के बारे में चौकस रहें - हम अपना ध्यान कैसे रख सकते है, से लेकर हम दूसरों की भलाई को कैसे लेते हैं - सुरक्षा एक टीम की कोशिश है।

### समग्रता से सफलता पाने का अर्थ है...

- काम करते समय मादक द्रव्यों व शराब को अपने निर्णय और क्षमताओं पर कभी भी असर न डालने दें।
- कैन्नामैटल के लिए काम करते हुए कोई भी ग़ैर-कानूनी नशीली दवाईयां या दूसरे कंट्रोल वाले मादक द्रव्य न तो रखें, न इस्तेमाल करें, न बेचें, न देने का प्रयास करें या वितरण न करें।
- सभी नीतियों, जिनकी सुरक्षात्सक सुरक्षा उपकरण में आवश्यकता है, का सम्मान व अनुपालन करें - इसमें कोई अपवाद नहीं है।
- जहां आप काम करते हैं या जाते हैं, संबंधी सभी सुरक्षा प्रक्रियाएं जाने और अनुपालन करें।
- कार्य-स्थल पर लगने वाली किसी भी चोटों, औज़ारों और मशीनरी पर ग़ायब सुरक्षात्मक उपकरण या अन्य सुरक्षा चिंताओं के बारे में तुरंत रिपोर्ट करें।

## हम अपने वातावरण की संभाल करते हैं और अपने समुदायों की सहायता करते हैं

हम मिलकर अपने कारोबार को चलाने का प्रयास करते हैं और हम अपने उत्पाद इस ढंग से तैयार करते व बेचते हैं, और कैन्नामैटल की **वातावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी नीति स्टेटमैंट** के अनुसार वातावरण को नुकसान नहीं पहुंचता। हम वातावरण संबंधी सभी लागू कानूनों का अनुपालन करते हैं। हम अपने कर्मचारियों व लोगों को हमारे उत्पादों की देखभाल व इनका सुरक्षित उपयोग कैसे करें, इसके साथ ही उत्पाद की समाप्ति के उचित प्रबंधन, जिस में रीसाइकलिंग शामिल है, संबंधी जानकारी देते हैं। हम सुनिश्चित करते हैं कि वातवरण संबंधी सभी नियंत्रण और परमिट अपने स्थान पर हैं और सही ढंग से काम कर रहे हैं। हम अपने आसपास के समुदायों की सहायता न केवल बढ़िया व सार्थक EHS तरीकों बल्कि स्वयं-सेवा की परियोजनाओं व धर्मार्थ योगदान से भी करते हैं।

### समग्रता से सफलता पाने का अर्थ है...

- कूड़े-कचरे के निपटान संबंधी सभी कानूनों व कंपनी की नीतियों को समझें और उनका अनुपालन करें।
- नौकरी के लिए अपेक्षित वातावरण और व्यवसाय संबंधी सभी परमिट प्राप्त करें।
- कंपनी के रिकॉर्डों की प्रतिधारण नीति के अनुसार EHS-संबंधी सभी रिकॉर्ड बनाए रखें।
- फैले हुए किसी भी तरल, रिसाव या वातावरण संबंधी अन्य चिंताओं की तुरंत रिपोर्ट करें।
- वातावरण और ऊर्जा की खपत घटाने के लिए समूचे उत्सर्जन को सीमित करने हेतु अवसरों पर निरंतर ज़ोर दें।
- जिन समुदायों में हम रहते व काम करते हैं, की सहायता के लिए स्वयंसेवी गतिविधियों में शामिल हों।



# समग्रता से सफलता हासिल करना



## हम समग्रता व नई खोज से सफलता हासिल करते हैं

हम हमेशा ईमानदारी से कारोबार बढ़ाते हैं, जो कि पूरी तरह हमारे काम, हमारे उत्पादों की गुणवत्ता और व्यापारिक श्रेष्ठता के प्रति वचनबद्धता की योग्यता के आधार पर टिका हुआ है। हम नैतिक तौर पर काम करते हैं, हमारे व्यापार को चलाने वाले नियमों की पालना करते है, और अनुचित लाभ उठाकर अपनी प्रतिष्ठा से कभी समझौता नहीं करते।

# समग्रता से सफलता हासिल करना



## हम निष्पक्षता से प्रतिस्पर्धा करते हैं

कैन्नामैटल में, अपने उत्पादों और सेवाओं की ताकत के बल पर, हम अपनी प्रतिस्पर्धा को ईमानदारी व निष्पक्ष तरीके से पूरा करके अपने आप को ज़ोरदार ढंग से अलग करते हैं। दुनिया भर में, कई कानून हैं, जो स्वतंत्र और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करते हैं और हम अपने प्रतियोगियों से कैसे बातचीत करते हैं, के तरीके को विनियमित करते हैं। ये कानून जटिल हैं और प्रत्येक देश में अलग अलग होते हैं और इन कानूनों की उल्लंघना करने के नतीजे गंभीर होते हैं। हम कैन्नामैटल की **प्रतियोगिता नियम अनुपालन प्रक्रिया** और सभी वैश्विक कानूनों की पालना करते हैं और यहां तक कि ग़लत काम के बारे में सोचने से भी बचते हैं।

> "हम अपनी **प्रतिस्पर्धा** में अपने आपको**ईमानदारी** और **निष्पक्षता** से ज़ोरदार ढंग से अलग रखते हैं"

### समग्रता से सफलता पाने का अर्थ है...

- उत्साह और ज़ोरदार ढंग से प्रतिस्पर्धा करें, परंतु हमेशा निष्पक्ष - मान्यता, गुणवत्ता और सेवा के आधार पर व्यापार बढ़ाएं।
- ग्राहकों के साथ लेन-देन करते समय सही और सच्चा बर्ताव करें, और सावधान रहें कि गुणवत्ता, मूल्यों, विशेषताओं या अपने या अपने प्रतियोगियों के उत्पादों और सेवाओं की उपलब्धता को ग़लत ढंग से पेश न करें।
- सभी लागू कानूनों को जानें और उनकी पालना करें - मूल्य तय करने, ग्राहक व बाज़ार बांटने, सीमित उत्पादन, नीलामियों में हेर-फेर या अपने बाज़ार में प्रतिस्पर्धा रोकने के दूसरे तरीके कभी भी न अपनाएं और प्रतियोगियों के साथ कभी भी मूल्यों या उत्पाद के विवरण संबंधी विचार-चर्चा न करें।
- किसी प्रकार के बहिष्कार के लिए सहमत न हों।
- व्यापारिक समिति की मीटिंगों में शामिल होने से पहले अपने आपको कानूनी स्पर्धा कानूनों से परिचित कराएं या जब अनिश्चित हो, तो मार्गदर्शन लें।
- किसी को भी ऐसी सेवा या उत्पाद देने की आवश्यकता नहीं है, जो कोई अन्य वस्तु लेने के लिए यह सेवा या उत्पाद नहीं लेना चाहते।

# समग्रता से सफलता हासिल करना

## पता लगाना:
## प्रतिस्पर्धा जानकारी

यह बात बहुत महत्वपूर्ण है कि हम सभी समझते हैं कि प्रतिस्पर्धा जानकारी एकत्र करते समय विशेष नियम लागू होते हैं:

- प्रतियोगी की गोपनीय जानकारी न लें और न इसे स्वीकार करें, जब तक कि आपके पास जनरल काउंसिल कार्यालय से स्पष्ट स्वीकृति न हो।
- गोपनीय जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रतियोगी के कर्मचारी को काम पर न रखें। नए रखे गए कर्मचारियों को अपने पूर्व नियोक्तायों से कोई दस्तावेज़ या इलैक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड नहीं लाने चाहिए।
- यदि जानकारी 'गोपनीय' या ऐसी ही भाषा चिन्हित है, तो इसका इस्तेमाल करने से पहले जनरल काउंसिल कार्यालय से किसी से बात करें।
- प्रतियोगियों के साथ मार्किटिंग या दूसरी कारोबारी जानकारी का आदान-प्रदान न करें।
- भले ही, प्रतियोगी संबंधी जानकारी आपके डैस्क पर पड़ी हो, तो इसका इस्तेमाल करने से पहले जनरल काउंसिल कार्यालय से किसी से सलाह लें।



## **हम सफल** होते हैं, जब हम **अच्छे निर्णय** लेते हैं।

अभी अभी मैं एक व्यापारिक समिति कॉन्फ्रेंस में था, जब मेरे पूर्व सहकर्मियों में से एक, जो इस समय एक प्रतियोगी के लिए कार्य करता है, ने मूल्यों के बारे में बातचीत करनी शुरू कर दी। मैं जानता था कि मुझे इस तरह की बातचीत नहीं करनी चाहिए थी, परंतु जब मैं वहां से जाने लगा, तो मैं इस असभ्य बर्ताव के बारे में चिंतित था। हालांकि यह बात मुझे थोड़ी सी अप्रिय लगी, पर जितना हो सके, मैं इस बात को टालना चाहता था, फिर मैने अपने पूर्व सहकर्मी को बताने के लिए हिम्मत जुटाई, और कहा कि मैं जानता हूं कि हमें अब इस प्रकार की बात नहीं करनी चाहिए, क्योंकि अब हम इकट्ठे काम नहीं करते। मैने उसे शुभकामना दी और दूसरी तरफ चल पड़ा। उसी दिन कॉन्फ्रेंस के बाद मैने अपने प्रबंधक को यह बताने के लिए कॉल की कि क्या हुआ था। लगता था कि उन्होंने वाकई मेरी कॉल की प्रशंसा की और कहा कि वो इस बारे में आगे की कार्रवाई के बारे में जनरल काउंसिल कार्यालय में अटॉर्नी के साथ करेंगे।



## हम रिश्वत नहीं देते

कैन्नामैटल में, हम रिश्वत नहीं देते या भ्रष्ट गतिविधियों में संलग्न नहीं होते। इसका अर्थ है कि कारोबारी निर्णय पर असर डालने या अनुचित लाभ लेने के लिए हम मूल्य के तौर पर कभी कोई पेशकश नहीं करते या कुछ भी स्वीकार नहीं करते। यह सच है, चाहे हम निजी व्यापारिक कारोबारी सैटिंग में या सरकारी अधिकारियों के साथ काम कर रहे हैं - और यह दुनिया भर में कहीं भी लागू होता है, जहां हम कारोबार करते हैं।

यहां बहुत सारे कानून हैं, जो दुनिया भर में कारोबारी लेन-देन में रिश्वत व भ्रष्टाचार की मनाही करते हैं। यह कानून और कंपनी की नीति कैन्नामैटल के किसी भी कर्मचारी या हमारी ओर से काम कर रहा तीसरा पक्ष, जिनमें एजेंट, वितरक या वैंडर शामिल हैं, को किसी भी रूप में रिश्वत या बदले में कुछ पेशकश करने या स्वीकार करने की दृढ़ता से मनाही करती है। हमारी कंपनी और शामिल लोगों के लिए रिश्वत हेतु जुर्माने गंभीर हो सकते हैं, इसमें जेल की सज़ा और महत्वपूर्ण जुर्माने व दंड शामिल हैं। कैन्नामैटल में हमारे सभी कारोबारी सौदों में, हम सभी लागू रिश्वत-रोधी व भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों की पालना करेंगे और यह सुनिश्चित करने के लिए मेहनत से काम करेंगे कि हम मुकाबला करें और नैतिकता व कानून के अनुसार निर्णय करें।

### आधारभूत

रिश्वत को व्यापक तौर पर इस तरह परिभाषित किया गया है, हम जिस किसी के साथ कारोबार करते हैं - अनुचित कारोबारी लाभ लेने के लिए - कुछ देना या देने की पेशकश करना या मूल्य के तौर पर कुछ देने का वादा करना - या तो प्रत्यक्ष या मध्यस्थों द्वारा। रिश्वत कई रूपों में ली जा सकती है, जैसे भुगतान, कारोबारी और रोज़गार के अवसर या अन्य वस्तुओं के साथ अनुचित उपहार या यात्रा।

अधिक जानकारी के लिए कैन्नामैटल की **वैश्विक भ्रष्टाचार-रोधी और रिश्वत-रोधी नीति देखें।**

# समग्रता से सफलता हासिल करना


## समग्रता से सफलता पाने का अर्थ है...

- अनुचित कारोबारी लाभ प्राप्त करने की मंशा से कभी भी किसी व्यक्ति को किसी कीमती वस्तु की पेशकश न करें।
- कभी भी किसी रिश्वतखोरी को न छिपाएं अथवा छिपाने का प्रयास न करें।
- एजेंट, वितरक, वेंडर और कैन्नामैटल के साथ काम करने वाले अन्य लोगों सहित तीसरे पक्षकारों के बारे में जानने और उनकी निगरानी करने का यथोचित प्रयास करें, ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि उनके क्रिया-कलाप लागू कानून और कंपनी की नीतियों के अनुरूप रहें।
- सभी भुगतानों और लेनदेन का सटीक रिकॉर्ड रखना सुनिश्चित करें।
- सरकारी अधिकारियों के साथ अपने व्यवहार के दौरान हमेशा कानून और कंपनी की नीतियों का पालन करें।
- कैन्नामैटल के कर्मचारी अथवा प्रतिनिधि के तौर पर आप को जिन कार्यों को प्रत्यक्ष रूप से करने के लिए मना किया गया है ऐसे किसी भी कार्य में कभी किसी तीसरे पक्षकार को न लगाएं।
- जनरल काउंसिल कार्यालय से पूर्व लिखित अनुमति लिए बिना कभी भी कोई सुविधा भुगतान अदा न करें।



## **हम सफल** होते हैं, जब हम **अच्छे निर्णय** लेते हैं।

मैने वर्षों तक एक परियोजना पर उसी एजेंट के साथ काम किया था। वो अपने काम में हमेशा वाकई असरदार है और वो मुझे हमेशा अच्छा भी लगा, जिसके साथ काम आराम से होता है। पिछले कुछ महीनों से, मुझे उसके बिलों में मामूली सी तब्दीली नज़र आई। डॉलर की रकमों में थोड़ी सी वृद्धि हुई और उप-ठेकेदार के भुगतानों के लिए एक नए संदर्भ के अलावा उनमें अधिक स्पष्टता नहीं थी। मैं उस पर शक नहीं करना चाहता था, क्योंकि मैने उस पर हमेशा विश्वास किया था, परंतु इस बात ने मेरे मन में शंका पैदा कर दी। उससे प्रश्न करने के बाद औरउसके उत्तर से मुझे संतुष्टि नहीं हुई, मैने अपनी चिंताओं के बारे में अपने सुपरवाइज़र को बताया। उन्होंने मुझसे कहा कि इस तरह करने के लिए शंका उठना सही बात थी और अगली कार्रवाई करने के लिए जनरल काउंसिल कार्यालय के साथ मिलकर काम करेंगे।



## पता लगाना:
## सरकारी अधिकारी कौन है?

सरकार के नियंत्रण वाली किसी संस्था के लिए कार्य करने वाले व्यक्ति अथवा उसके लिए एजेंट के रूप में कार्य करने वाले व्यक्ति को सरकारी अधिकारी कहा जाता है। इसमें अन्य लोगों के साथ-साथ निम्नलिखित शामिल होते हैं::

- सरकारी विभाग, एजेंसी अथवा बोर्ड के अधिकारी और कर्मचारी।
- सरकार, सैन्य अथवा किसी राजनैतिक पार्टी के लिए कार्य करने वाला व्यक्ति।
- किसी सरकार अथवा सैन्य के आंशिक अथवा पूर्ण स्वामित्व वाले वाणिज्यिक कारोबार के अधिकारी और कर्मचारी।
- सार्वजनिक अंतरराष्ट्रीय संगठन, जैसे संयुक्त राष्ट्र, के अधिकारी और कर्मचारी।

संयुक्त राज्य के कानून और हम जिन देशों में कार्य करते हैं उनके अधिकतर के कानून सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने की सख्ती से मनाही करते हैं। नीचे उदाहरण स्वरूप कुछ “रेड फ्लैग” दिए गए हैं:

- राजनैतिक अथवा सरकारी कर्मचारियों को नकद अथवा बिना रिकॉर्ड वाला भुगतान करना।
- नीति के दिशा-निर्देशों और लेखांकन अपेक्षाओं का अनुसरण किए बिना राजनैतिक अधिकारियों अथवा सरकारी कर्मचारियों (अथवा उनके परिजनों) को उपहार देना अथवा कारोबारी मनोरंजन उपलब्ध कराना।
- स्थल भ्रमण संबंधी यात्रा प्लान में सरकारी अधिकारी के परिजनों को शामिल करने का अनुरोध।
- किसी सरकारी अधिकारी के अनुरोध पर लोगों को नौकरी पर रखना।
- सीमा शुल्क अनुमोदन, परमिट और लाइसेंस सहित सरकारी अनुमोदनों को शीघ्रता से प्रदान करने के लिए भुगतान का अनुरोध।

# समग्रता से सफलता हासिल करना



## उपहारों के आदान-प्रदान व मनोरंजन के समय हम अच्छे निर्णय का इस्तेमाल करते हैं

सद्भाव बनाने और संयुक्त उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए उपहार, आतिथ्य और मनोरंजन उपयोगी साधन सिद्ध हो सकते हैं। कैन्नामैटल में - हम केवल उपहार और मनोरंजन का ही आदान-प्रदान करते हैं, वह भी तब जब हम आश्वस्त हो जाते हैं कि ऐसा करने से हमारी निष्पक्ष निर्णय करने की क्षमता प्रभावित नहीं होगी और हम ऐसा करते समय कानून और कंपनी की नीति का पालन कर रहे हैं। किसी भी नियोजित उपहार और मनोरंजन की परिस्थितियों, महत्व और दिखावट पर विचार करना हमेशा बहुत ही महत्वपूर्ण है। अधिक जानकारी के लिए केन्नामेटल की **वैश्विक व्यापार उपहार और मनोरंजन नीति** देखें।

“...हम केवल उपहार और मनोरंजन का ही आदान-प्रदान करते हैं, वह भी तब जब हम **आश्वस्त हो जाते हैं कि** ऐसा करते हुए हम**अपने निष्पक्ष** व्यापारिक निर्णय **करने की क्षमता** प्रभावित नहीं होगी...”

# समग्रता से सफलता हासिल करना

## समग्रता से सफलता पाने का अर्थ है...

- उपहारों व मनोरंजन, कार्यक्रम के आयोजन और कारोबारी ख़र्चे, जिनमें सटीकता से सारे ख़र्चों का हिसाब रखना और सभी अपेक्षित पूर्व-अनुमोदन प्राप्त करना शामिल हैं, संबंधी कंपनी की सभी नीतियों को जानना व उनका अनुपालन करना।
- निश्चित करें कि कोई भी उपहार या मनोरंजन, जो आप कारोबारी सम्पर्कों के साथ आदान-प्रदान करते हैं, मूल्य में नाममात्र, परिस्थितियों के अंतर्गत उपयुक्त और अक्सर न दिए जाते हों।
- कभी भी नकद या नकद के समतुल्य दें या स्वीकार न करें, जैसे वेंडरों, आपूर्तिकर्ताओं या ग्राहकों को उपहार-सर्टीफ़िकेट या उपहार कार्ड देने या लेने।
- यदि कुछ उपहार लेते समय ठीक महसूस नहीं लगता, तो उसी समय उपहार लेने से मना कर दें या मार्गदर्शन के लिए अपने प्रबंधक या नैतिकता व अनुपालन कार्यालय से सलाह करें।
- ऐसी स्थितियों से बचें, जिनसे कैन्नामैटल की प्रतिष्ठा पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है, जैसे अनुचित उपहारों का आदान-प्रदान या मनोरंजन के अनुचित रूपों में हिस्सा लेना।
- ग्राहकों और कारोबारी सहयोगियों की उपहार नीतियों के बारे में विचारशील बनें और ऐसी किसी वस्तु की पेशकश न करें, जिनसे उनकी नीतियों की उल्लंघना हो सकती है।



## **हम सफल** होते हैं, जब हम **अच्छे निर्णय** लेते हैं।

पिछले सप्ताह, मेरे प्रिय ग्राहकों में से एक की कॉल आई थी। उसने मुझे आगामी कॉन्सर्ट की दो टिकटों की पेशकश की थी...जिसकी टिकटें महीनों पहले बिक चुकी थीं। पिछले कुछ वर्षों में हमारा अच्छा दोस्ताना हो गया था, और मैं जानता था कि वो वाकई एक दोस्त के तौर पर मुझे टिकटें दे रहा था, और ऐसा वो मेरा कारोबार लेने की कोशिश में नहीं कर रहा था। जैसे ही मैने टिकट लेनी चाही, मैने अपने ठेके के बारे में सोचा, जो नवीकरण के लिए आया था और मैं नहीं चाहता था कि कोई मेरे बारे में सोचे कि मेरी निष्पक्षता से समझौता हुआ है। मैं यह भी जानता था कि टिकट वाकई बहुत महंगे थे और उन्हें स्वीकार करना हमारी नीति के विरुद्ध होगा। टिकट अस्वीकार करना मेरे लिए काफी मुश्किल था, पर मैं जानता था कि मैने ठीक किया था। जब मैने शिष्टतापूर्वक टिकट लेने से मना किया, तो उसने इस बात की प्रशंसा की और मैं जानता हूं कि इसके लिए उसने मेरा आदर किया था।

# समग्रता से सफलता हासिल करना

## हमने हितों के टकराव को पहचाना और उनका खुलासा किया

हम सभी कंपनी के हितों का संवर्धन करने वाले निर्णय लेने और कार्य करने के लिए जिम्मेदार हैं। हितों का टकराव तब होता है, जब आपके व्यक्तिगत, वित्तीय अथवा पारिवारिक हित अथवा संबंध आपकी निष्पक्ष बने रहने की क्षमता और कैन्नामैटल के हित में काम करने की क्षमता को प्रभावित करते हैं अथवा प्रभावित करते प्रतीत होते हैं। हितों का टकराव आपकी और कंपनी की प्रतिष्ठा को बुरी तरह से प्रभावित करता है और कुछ परिस्थितियों में यह कानून के विरुद्ध भी हो सकता है।

अपनी कंपनी की रक्षा करने के लिए और अपने ग्राहकों, कारोबारी भागीदारों और अंशधारकों के साथ पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए हमें हमेशा हितों के टकराव से बचना चाहिए और यदि कोई चीज हितों का टकराव हो सकती है अथवा ऐसा प्रतीत हो सकती है, तो उसका खुलासा करें। हितों के टकराव का कैन्नामैटल की **वैश्विक हितों के टकराव संबंधी नीति** के अनुसार खुलासा किया जाना चाहिए और प्रबंधन किया जाना चाहिए।






### समग्रता से सफलता पाने का अर्थ है...

- किसी भी वास्तविक या संभावी हितों के टकराव के बारे में तुरंत अपने प्रबंधक और नैतिकता व अनुपालन कार्यालय को बताएं।
- जब किसी हित के टकराव का पता चले, तो कंपनी के बेहतर हितों व कानून की पालना की सुरक्षा के लिए सभी ज़रूरी संरक्षण करें।
- ऐसे हितों, गतिविधियों या रिश्ते-नातों से बचें, जो कैन्नामैटल के बेहतर हित या निष्पक्ष निर्णय लेने की आपकी क्षमता के आड़े आते हैं।

## पता लगाना:
## हितों के टकराव

यह संहिता सभी संभव हितों के टकरावों को शामिल नहीं कर सकती, लेकिन यहां आपके विचारार्थ कुछ उदाहरण दिए जा रहे हैं। यदि किसी संबंध अथवा हित के बारे में आपको कभी कोई संदेह होता है, तो अपने प्रबंधक से बात करें और नैतिकता व अनुपालन कार्यालय से संपर्क करें।

- कैन्नामैटल में अपनी हैसियत के परिणामस्वरूप अपने स्वयं के लिए अथवा अपने परिवार के किसी सदस्य के लिए व्यक्तिगत लाभ प्राप्त करना।
- पारिवारिक, वित्तीय अथवा व्यक्तिगत संबंध शामिल होने की स्थिति में कैन्नामैटल के किसी आपूर्तिकर्ता, ठेकेदार अथवा ग्राहक से इकरार करना अथवा बोली स्वीकार करना।
- कैन्नामेटल के किसी आपूर्तिकर्ता, ग्राहक अथवा प्रतिस्पर्धी में काफी अधिक मात्रा में स्वामित्व हितधारक होना।
- किसी परिजन अथवा घनिष्ट व्यक्तिगत मित्र के संबंध में प्रबंधक होना अथवा अनुमोदन देने की क्षमता में होना।
- कैन्नामैटल के समय और संसाधनों का प्रयोग करते हुए किसी बाह्य कारोबार में शामिल होना अथवा ऐसे कारोबार में शामिल होना, जो कैन्नामैटल का कारोबारी प्रतिस्पर्धी है।
- कैन्नामैटल में नौकरी करते हुए कैन्नामैटल के किसी प्रतिस्पर्धी के साथ काम करना अथवा उसे परामर्श सेवाएं देना।
- कैन्नामैटल के साथ संबद्धता के दौरान प्राप्त की गई गोपनीय जानकारी को व्यक्तिगत लाभ अथवा वित्तीय लाभ के लिए इस्तेमाल करना।


## हम निर्यात, आयात और व्यापार नियंत्रक सभी कानूनों का अनुपालन करते हैं

अंतरराष्ट्रीय कारोबारी होने के नाते हमारे लेने-देन में उत्पादों, प्रौद्योगिकी और सेवाओं का राष्ट्रीय सीमाओं के बाहर आना-जाना होता रहता है। हमारी वैश्विक व्यापार नीति अत्यधिक विनियमित है और कई सरकारें आयात, निर्यात और इनसे संबंधित गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए कानून और नियमन बनाती हैं। हमें अपनी कारोबारी गतिविधियों के लिए लागू होने वाले इन कानूनों और विनियमों से अवश्य अवगत रहना चाहिए और याद रखना चाहिए कि ये जटिल हो सकते हैं और निरंतर बदलते रहते हैं। सभी गतिविधियां कैन्नामैटल की **निर्यात व व्यापार अनुपालन नीति** के अनुपालन में संपादित किए जाने चाहिए। वैश्विक व्यापार कानूनों और विनियमों का उल्लंघन करने से कर्मचारियों और कंपनी पर काफी अधिक सिविल जुर्माना लग सकता है, जिसमें अपने ग्राहकों और दुनियाभर में कैन्नामैटल के स्थानों पर माल निर्यात करने की क्षमता पर प्रतिबंध लगना भी शामिल है।



### समग्रता से सफलता पाने का अर्थ है...

- आपकी नौकरी पर लागू होने वाले व्यापार नियंत्रकों को पहचानें व समझें।
- जब नए अवसर सामने आएं, तो कोई भी कार्य करने से पहले, जिसमें विशेष तौर पर पैसे का लेन-देन शामिल हो, कैन्नामैटल की **निर्यात व व्यापार अनुपालन नीति** की समीक्षा करें और जनरल काउंसिल कार्यालय या व्यापार अनुपालन टीम के साथ विचार-विमर्श करें, पैसे के लेन-देन में शामिल हैं:
  - सैन्य या आणविक इस्तेमाल या अंतिम उपयोग
  - शुद्ध या लगभग शुद्ध (99% या अधिक) धातु का चूरा
  - एअरोस्पेस संघटक
  - विदेशी ग्राहकों के लिए नकद या नकद के समतुल्य लेन देन
  - खेप और बिल संबंधी दस्तावेज़ीकरण बेमेल होना
  - क्रेता और “खेप” के पते बेमेल
  - ग़ायब दस्तावेज़ीकरण
  - उत्पाद के विनिर्देश बताए गए अंतिम इस्तेमाल के परस्पर-विरोधी



## पता लगाना:
### वैश्विक व्यापार अनुपालन विचार

**आयात व निर्यात नियंत्रण**

यहां हमारे उत्पादों, सेवाओं और तकनीकी जानकारी के आयात व निर्यात पर नियंत्रण और पाबंदियों की कई घटनाएं हैं। कैन्नामैटल के लिए इन पाबंदियों के अनुपालन हेतु हमें निम्नलिखित जानकारी के बारे में पता होना चाहिए:

- इस लेन देन में कौन शामिल है?
- क्या पाबंदियों व प्रतिबंधों के लिए अंतिम उपभोक्ता की पड़ताल की गई थी?
- उत्पाद कहां जा रहा है और इसे कैसे भेजा जाएगा?
- क्या आयात या निर्यात किया जा रहा है?
- क्या हमने उपयुक्त लाईसैंसिंग आवश्यकताओं का अनुपालन किया है?
- कैसे उत्पादों का इस्तेमाल किया जा रहा है?

ध्यान रखें कि विशेष कानूनी पाबंदियां, उन उत्पादों या प्रौद्योगिकी पर लागू होती हैं, जिनका सैन्य, आणविक या दोहरे इस्तेमाल वाला अनुप्रयोग हो सकता है।

**आर्थिक प्रतिबंध और व्यापार पर रोक**

कुछ व्यक्तियों और देशों के साथ व्यापार करते समय कुछ विशिष्ट प्रतिबंध लागू होते हैं। ये प्रतिबंध किसी देश अथवा वाणिज्यिक क्षेत्र पर पूरी तरह से लागू हो सकते हैं अथवा केवल कुछ निश्चित अंतिम प्रयोक्ताओं पर लागू हो सकते हैं। यदि किसी भी समय, आपको पता चलता है कि किसी लेन-देन में कोई प्रतिबंधित अथवा व्यापार पर रोक लगा हुआ देश, प्रतिबंधित अंतिम प्रयोक्ता अथवा अंतिम प्रयोग शामिल है - यह पता चलता है कि लेनदेन के किसी पहलू में कोई प्रतिबंधित पक्ष शामिल है - तो आपको तुरंत व्यापार अनुपालन टीम अथवा जनरल काउंसिल कार्यालय से सम्पर्क करना चाहिए।

**बहिष्कार**

कैन्नामैटल को संयुक्त राज्य के बहिष्कार-रोधी कानूनों का पालन करना होता है, जो हम जहां कहीं भी कार्य करते हैं वहां अमान्य बहिष्कारों में हमें भाग लेने से रोकते हैं। इस प्रकार के बहिष्कारों में शामिल होने के अनुरोध को पहचानना मुश्किल हो सकता है और ये प्रस्तावों, साख-पत्र (लेटर ऑफ क्रेडिट) की शर्तों और शिपिंग दस्तावेज़ों में मौखिक अथवा लिखित रूप से शामिल हो सकते हैं। यदि इनमें से कोई स्थिति उत्पन्न होती है, तो व्यापार अनुपालन टीम से सम्पर्क करें।





## हम राजनीतिक प्रक्रिया में निष्पक्षता व सभी कानूनों और इनके अनुपालन से हिस्सा लेते हैं

कैन्नामैटल में, हम सभी कानूनों का अनुपालन करते हैं, जो कार्पोरेट राजनैतिक गतिविधि का नियमन करते हैं। हम राजनैतिक प्रक्रिया में व्यक्तिगत हिस्सेदारी की भी कद्र करते हैं और निजी पसंद के मामले के तौर पर इसको प्रोत्साहित करते हैं। कार्पोरेट राजनैतिक गतिविधि का नियमन करने वाले जटिल कानूनों का अनुपालन करने हेतु कैन्नामैटल की ओर से कोई योगदान देने या देने का योगदान करने से पहले मार्गदर्शन के लिए जनरल काउंसिल कार्यालय या कार्पोरेट रिलेशन्स से सम्पर्क करें।



> “हम राजनीतिक प्रक्रिया मेंव्यक्तिगत भागीदारी की कद्र करते हैं।”

### समग्रता से सफलता पाने का अर्थ है...

- यदि आप व्यक्तिगत गतिविधियों में हिस्सा लेते हैं, तो ऐसा आप अपने स्वयं के समय और अपने स्वयं के ख़र्च पर करें।
- राजनैतिक गतिविधियों के लिए कंपनी की संपति, सुविधायों, समय या रकमों का इस्तेमाल करने से पहले स्वीकृति लें।
- काम के समय या अन्यथा कंपनी की संपति पर राजनैतिक कारणों या साथी कर्मचारियों से उम्मीदवारों के लिए योगदान न मांगें।
- सार्वजनिक बयानबाज़ी न करें, जिनमें राजनैतिक मुद्दों पर निजी सोशल मीडिया साइटों पर दिए गए बयान शामिल हैं, जिससे यह लगे कि आप कैन्नामैटल की ओर से बोल रहे हैं।
- कैन्नामैटल की ओर से कार्पोरेट राजनैतिक गतिविधि में केवल तभी शामिल हों, यदि ऐसा करने के लिए आपके पास उपयुक्त अनुमति है और कंपनी की लागू सभी नीतियों को समझने व अनुपालन करना सुनिश्चित करें।
- यदि आपको कभी लगे कि किसी राजनैतिक गतिविधि में हिस्सा लेने या कोई योगदान देने के लिए कार्य-स्थल पर आप पर दबाव है, तो आपको इस बारे में तुरंत बताना चाहिए।



## कार्य-निष्पादन पर हमें अपने आप पर गर्व है

नैतिकता और ईमानदारी के अपने बुनियादी मूल्यों के साथ लगातार, हमें अपने ग्राहकों, कारोबारी सहकर्मियों और अंशधारकों के लिए ज़ोरदार कार्य-निष्पादन करने पर अपने आप पर गर्व है।

## हम अंदरूनी जानकारी पर व्यापार नहीं करते या सूचना नहीं देते

कैन्नामैटल में कार्य करते समय, आप कंपनी, आपूर्तिकर्ता, ग्राहक या कारोबारी सहयोगी के बारे में सीख सकते हैं, जिनमें अपने भंडार मूल्य पर प्रभाव डालने की संभावना है। यदि इस जानकारी के बारे में लोगों को नहीं पता, तो इसे अंदरूनी जानकारी माना जाता है। स्टॉक ख़रीदते या बेचते समय लोगों को जानकारी उपलब्ध होने से पहले, यदि आपके पास है, तो यह ग़ैर-कानूनी है और कंपनी की नीति के विरुद्ध है। कैन्नामैटल में, हम उन सभी कानूनों का अनुपालन करते हैं, जो भेदिया कारोबार को निषिद्ध करते हैं।

किसी दूसरे व्यक्ति के साथ जानकारी साझा करना या “सूचना” देना, जो किसी भी तरीके से उस जानकारी से व्यापार कर सकता है, ग़ैर-कानूनी भी है और कैन्नामैटल की **भेदिया कारोबार नीति** के विरुद्ध है।

### समग्रता से सफलता पाने का अर्थ है...

- यदि आपके पास अंदरूनी जानकारी है, तो आप कभी भी अपने नाम या परिवार के सदस्य के नाम, दोस्त या किसी और के नाम से कंपनी के स्टॉक को न ख़रीदे या न बेचें।
- यदि कोई आपको अंदरूनी जानकारी देने के लिए कहता है, तो होशियार रहें, आपको इसे देने से मना कर देना चाहिए और फिर तुरंत अपने प्रबंधक या जनरल काउंसिल कार्यालय से बात करें।
- भेदिया कारोबार नीति **से परामर्श लें**, और जब आवश्यकता हो, तो कंपनी की प्रतिभूतियों या आपूर्तिकर्ता, वैंडर, ग्राहक या अन्य कंपनी भागीदार की प्रतिभूतियों में व्यापार करने से पहले जनरल काउंसिल कार्यालय से सम्पर्क करें



### आधारभूत

"सूचना देना" किसी व्यक्ति को अंदरूनी जानकारी (कोई सामग्री, ग़ैर-सार्वजनिक जानकारी) उपलब्ध करानी होती है, फिर वह व्यक्ति स्टॉक ख़रीदने या बेचने का निर्णय करने हेतु उस जानकारी का इस्तेमाल करता है। उदाहरण के लिए, इस जानकारी में वित्तीय प्रदर्शन संबंधी विवरण, संपत्तियां या कारोबारों को ख़रीदने या बेचने संबंधी बातचीत या मुख्य खोज व विकास संबंधी गतिविधियां या नए उत्पाद जारी करने शामिल हैं।

### पता लगाना: ट्रेडिंग विंडोज़

क्योंकि कैन्नामैटल सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली कंपनी है, इसलिए कर्मचारी, अधिकारी और हमारे निदेशक मंडल के सदस्य, जिनके पास अंदरूनी जानकारी संबंधी सामग्री होती है, को विशेष कारोबारी दिशा-निर्देशों की पालना करनी चाहिए, जो परिभाषित करते हैं कि वो कैन्नामैटल के स्टॉक में कब और कैसे व्यापार कर सकते हैं। कैन्नामैटल की भेदिया कारोबार नीति, अधिकारियों, निदेशकों और कर्मचारियों के लिए कैन्नामैटल स्टॉक में कारोबार करने संबंधी स्पष्ट दिशा-निर्देश उपलब्ध करती है। मार्गदर्शन के लिए जनरल काउंसिल कार्यालय से सम्पर्क करें।

# समग्रता से सफलता हासिल करना



## हम अपनी वित्तीय रिपोर्टिंग में पारदर्शिता दिखाते हैं

कैन्नामैटल में, हम हमेशा सटीक व सम्पूर्ण वित्तीय स्टेटमैंट बनाए रखते हैं और सुनिश्चित करने के लिए नीतियां व नियंत्रण हैं कि हमारी वित्तीय रिपोर्टिंग व खुलासे समय पर, सही और पूरे हों।

### समग्रता से सफलता पाने का अर्थ है...

- संपत्तियों, देनदारियों, राजस्व व ख़र्चे लिखते समय, सही और ईमानदार रहें और कंपनी की सभी नीतियों और अंदरूनी नियंत्रण प्रक्रियाओं का अनुपालन करें।
- अंदरूनी व बाहरी लेखा-परीक्षकों से पूरा सहयोग करें और उन्हें समय पर, पूरी व स्टीक आधार पर सारी अपेक्षित जानकारी दें, क्योंकि वे इन सिद्धांतों का अनुपालन करने के लिए हमारी सहायता कर सकते हैं।
- जिस समय सरकार हमारी ग्राहक है, तो रिपोर्टिंग हेतु लागू विशेष नियमों के बारे में जाने व समझें।

### पता लगाना:
### धोखाधड़ी

**धोखाधड़ी कैसी होती है?**

धोखधड़ी को 'कपटपूर्ण चोरी' के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। यह तब होती है, जब कोई व्यक्ति व्यक्तिगत फायदे के लिए सच्चाई को छिपाता है, दस्तावेज़ों में कोई चीज छिपाता है अथवा हेराफेरी करता है, अथवा संगत जानकारी को छिपाता है।

धोखाधड़ी में कंपनी के फंड का पथांतरण, उत्पादों अथवा सामग्रियों, कम्प्यूटर और क्रेडिट कार्ड स्कीमों की चोरी और कॉन्ट्रैक्ट और खरीददारी संबंधी कपट शामिल हैं।

ऐसे लक्षणों के प्रति सावधान रहें कि कंपनी के रिकॉर्डों को जान बूझकर इस प्रकार बनाया अथवा बदला गया है कि वे अब शुद्ध, सत्य और पूर्ण नहीं हैं।

यदि हमारी कंपनी में किसी धोखाधड़ी के बारे में आपके कोई प्रश्न है अथवा कोई संदेह है, तो तुरंत नैतिकता व अनुपालन कार्यालय से सम्पर्क करें।

# समग्रता से सफलता हासिल करना

## हम अपनी कंपनी की संपत्तियों व जानकारी की सुरक्षा करते हैं

कैन्नामैटल की सभी संपत्तियों, जिनमें वित्तीय संपत्तियां, वास्तविक संपत्ति और हमारी गोपनीय जानकारी शामिल है, हमारी सफलता के लिए महत्वपूर्ण है। हमें इन संपत्तियों का ज़िम्मेदारी से इस्तेमाल करना चाहिए और उन्हें चोरी, लापरवाही और अपशिष्ट से बचाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए, इसका अर्थ कंपनी के निर्माण स्थलों, उपकरण व औज़ारों तक सुरक्षित पहुंच या गोपनीय जानकारी की सुरक्षा करना है। हमें ग्राहक संबंधी किसी संसाधनों और इस्तेमाल और सुरक्षित रखने के लिए हमें उपलब्ध कराई गई संपत्तियों की भी सुरक्षा करनी चाहिए।

### समग्रता से सफलता पाने का अर्थ है...

- कैन्नामैटल, ग्राहक और कारोबारी भागीदार की संपत्ति, संसाधन या जानकारी का इस्तेमाल करते समय ज़िम्मेदार बनें।
- कंपनी की कारों का इस्तेमाल करते समय कैन्नामैटल की सभी प्रक्रियाओं का अनुपालन करें।
- अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए या किसी अन्य के व्यक्तिगत लाभ के लिए कैन्नामैटल या ग्राहक की संपत्ति या सेवाओं का इस्तेमाल न करें।
- किसी व्यक्ति, जो कंपनी के लिए काम नहीं करता, के साथ कभी भी गोपनीय या मालिकाना कारोबारी जानकारी साझा न करें, जब तक आपके पास ऐसा करने की स्वीकृति न हो।
- जब अपना काम पूरा करना हो, केवल उसी समय गोपनीय जानकारी का इस्तेमाल करें।




## **हम सफल** होते हैं, जब हम **अच्छे निर्णय** लेते हैं।

आज सुबह, मुझे एक ईमेल मिली थी, जो मेरे लिए नहीं थी - यह कंपनी में कार्यकारी अधिकारियों में से एक को भेजी गई थी, जिनका अंतिम नाम मेरे नाम जैसा ही है। अभी मैने लगभग आधी ईमेल ही पढ़ी थी कि मुझे एहसास हुआ कि इसमें कंपनी के लिए कुछ महत्वपूर्ण परिवर्तनों संबंधी कुछ ऐसी जानकारी थी, जिसकी अभी अंदरूनी या सार्वजनिक तौर पर घोषणा नहीं की गई थी। जब मैने प्रश्न पूछा कि मुझे यह संदेश क्यों मिल रहे हैं, तो मैने ईमेल प्राप्त करने वाले अन्य लोगों के नाम देखे और एहसास हुआ कि ग़लती हो गई है। यह पढ़ने में अच्छी लग रही थी और यह जानकारी साझा करने में आकर्षक लग रही थी, जो मैने अपने घनिष्ठ सहकर्मियों के साथ पढ़ी थी, जिसके बारे में मैं जानता था कि वो वैसे भी इसके बारे में जल्द बता देगा, परंतु मुझे पता था कि यह जानकारी गोपनीय थी और जिसके बारे में मुझे यह भी पता था कि यह मेरे लिए नहीं थी। मैने संदेश पढ़ना बंद कर दिया और भेजने वाली को कॉल करके उसे बताया कि मुझे ग़लती से संदेश मिल गया है। उन्होंने मुझे ईमेल डिलीट करने और इसकी जानकारी किसी से साझा न करने के लिए कहा और मुझे बताया कि वो अपनी तरफ़ कोई अन्य आवश्यक कार्रवाईयां पूरी करेंगी। मैं जानता हूं कि जिस ढंग से मैने ईमेल वाला मामला निपटाया था, उन्होंने मेरी कॉल की बहुत सराहना की थी।

# समग्रता से सफलता हासिल करना











## हम अपनी बौद्धिक संपत्ति की सुरक्षा करते हैं

हमारी बौद्धिक संपत्ति, जिनमें हमारे पेटेंट, कॉपीराइट्स, ट्रेडमार्क्स और व्यापारिक रहस्य शामिल हैं, जो हमें उत्पाद और सेवाएं देने में सक्षम बनाते हैं, जिन पर हमारे ग्राहक भरोसा करते हैं। हमें अपनी बौद्धिक संपत्ति की सुरक्षा करनी चाहिए और देखभाल का वही स्तर दर्शाएं और तीसरे पक्षकार की बौद्धिक संपत्ति का सम्मान करें।



### समग्रता से सफलता पाने का अर्थ है...

- समझें कि बौद्धिक संपत्ति का कैसे पता चलाएं और इसकी सुरक्षा कैसे करें।
- सुनिश्चित करें कि सभी अप्रकटीकरण अनुबंध अपने स्थान पर हैं।
- वैध बौद्धिक संपदा और थर्ड पार्टी के पेटेंट का सम्मान करें
- बिना आज्ञा कंपनी की सामग्रियों में से इंटरनैट से डाउनलोड की गई सामग्रियों का कभी भी इस्तेमाल न करें और उपयुक्त अनुमति के बिना आम वितरण के लिए सामग्रियों की बहुत सारी प्रतिलिपियां न करें।
- बिना आज्ञा “गोपनीय” चिन्हित चित्रों का इस्तेमाल न करें।
- यदि आपके प्रश्न हैं कि किसी वस्तु को बौद्धिक संपत्ति मानना चाहिए कि नहीं या आपको चिंता है कि कैन्नामैटल की बौद्धिक संपत्ति जोखिम पर है, तो जनरल काउंसिल कार्यालय से मार्गदर्शन लें।



# समग्रता से सफलता हासिल करना

## हम अपनी कंपनी के सूचना-तंत्र का इस्तेमाल ज़िम्मेदारी से करते हैं

हमारी कंपनी के सूचना तंत्र, कारोबार को प्रभावशाली और सुरक्षित ढंग से चलाने हेतु हमारी क्षमता के लिए महत्वपूर्ण हैं। अपनी कंपनी के सूचना तंत्र का इस्तेमाल करते समय हम सभी अच्छे निर्णय का प्रदर्शन करने और कंपनी की नीतियों का अनुपालन करने के लिए ज़िम्मेदार हैं।

### समग्रता से सफलता पाने का अर्थ है...

- कैन्नामैटल के कम्प्यूटरों, मोबाइल उपकरणों और नैटवर्कों का इस्तेमाल करते समय कंपनी की सभी नीतियों और प्रक्रियाओं का अनुपालन करें।
- दृढ़ पासवर्ड्स का इस्तेमाल करें, जिसका आसानी से अनुमान न लगाया जा सके और कभी भी अनाधिकृत व्यक्तियों के साथ पासवर्ड्स या अन्य लॉगिन जानकारी साझा न करें।
- संदेहजनक ईमेल्स या तंत्र गतिविधियों के साथ साथ किसी संदिग्ध डेटा उल्लंघना की तुरंत रिपोर्ट करें।
- जब भी आप कहीं जाएं, चाहे आप केवल थोड़ी देर के लिए जाएं, अपने लैपटॉप या अन्य उपकरण लॉक करें।
- सुनिश्चित बनाने के लिए कार्रवाईयां करें कि आपके काम करने की जगह इस ढंग से संयोजित हो कि यदि कोई महत्वपूर्ण वस्तु ग़ायब हो, तो आपको पता चल जाए।
- ग़ैरकानूनी गतिविधियों के लिए या अनुचित सामग्री तैयार करने, विचार-विमर्श करने या भेजने के लिए कभी भी कंपनी के सिस्टमों का इस्तेमाल न करें।
- आपके कम्प्यूटर नैटवर्क के सीमित व्यक्तिगत इस्तेमाल की आज्ञा हो, तो सुनिश्चित करें कि आपके उपयोग से हमारे ग्राहकों के लिए सेवा में कोई विघ्न न पड़े या आपके काम करने की आपकी क्षमता में हस्तक्षेप न हो।
- याद रखें कि लागू कानून की अनुमति अनुसार कंपनी को आपके कम्प्यूटर व सिस्टमों की निगरानी करने का अधिकार है।

### पता लगाना:
### दूरदराज़ का उपयोग

यदि आपको दूरदराज़ के स्थानों से कैन्नामैटल के सिस्टमों का उपयोग करने की आवश्यकता पड़े, तो पक्का करने के लिए सावधानी बरतें कि आपके दूरदराज़ के उपयोग से हमारे सिस्टमों या डेटा को कोई जोखिम नहीं है:

- कंपनी की जानकारी का उपयोग करने, स्टोर करने या भेजने के लिए केवल कंपनी के स्वीकृत उपकरणों का इस्तेमाल करें।
- कभी भी निजी उपकरणों में कंपनी की जानकारी स्टोर न करें।
- व्यापारिक आवश्यकताओं को देखते हुए एन्क्रिप्शन उपकरणों और सीमित डेटा का इस्तेमाल करके संवेदनशील जानकारी सुरक्षित रखें।
- अपनी अनुपस्थिति या खुले में लैपटॉप्स या मोबाइल उपकरण न छोड़ें।
- कंपनी का लैपटॉप या मोबाइल उपकरण गुम या चोरी होने की रिपोर्ट तुरंत इन्फ़र्मेशन टैक्नोलॉजी टीम (k-corp-cybersecurity@kennametal.com) से करें।

# समग्रता से सफलता हासिल करना



## हम ज़िम्मेदार रिकॉर्ड प्रबंधन अपनाते हैं

कानून व कंपनी की नीति अनुसार, हम अपने रिकॉर्ड्स ज़िम्मेदारी से बनाते हैं। हम यह भी सुनिश्चित करने का ध्यान रखेंगे कि सभी रिकॉर्ड्स स्पष्ट, सटीक और पूरे हैं। संदेह होने पर, कैन्नामैटल की **वैश्विक रिकॉर्ड्स प्रबंधन प्रक्रिया** की समीक्षा करें या अपने रिकॉर्ड्स के प्रबंधन की ज़िम्मेदारियों संबंधी मार्गदर्शन के लिए जनरल काउंसिल कार्यालय से सम्पर्क करें।



### समग्रता से सफलता पाने का अर्थ है...

- लिखित, विशेष तौर पर ई-मेल्स, तात्कालिक संदेश या पाठ्य संदेश में कोई वचन देने से पहले अपने अच्छे निर्णय का इस्तेमाल करें।
- कैन्नामैटल की रिकॉर्ड्स बनाए रखने की अनुसूची के अंतर्गत समय की उचित अवधि के लिए रिकॉर्ड्स संभालें।
- कंपनी के रिकॉर्ड्स को उपयुक्त ढंग से नष्ट करने को पक्का करने हेतु कंपनी की नीति का अनुपालन करें।
- जनरल काउंसिल कार्यालय से मिले आदेश के अनुसार रिकॉर्ड्स रोकने और सामान्य रिकॉर्ड नष्ट करने संबंधी प्रक्रियाओं के स्थगन या यदि आपको पता चले कि रिकॉर्ड्स विचाराधीन या धमकी के मामले, दावे या पड़ताल से संबंधित हो सकते हैं, तो दिशा-निर्देशों का अनुपालन करें।
- गोपनीय जानकारी पर उचित ढंग से पर्ची लगाएं और इसे केवल उन लोगों को दें, जिन्हें व्यापार में इसकी आवश्यकता है।
- कैन्नामैटल की वैश्विक रिकॉर्ड्स प्रबंधन प्रक्रिया में दिए गए दिशा-निर्देशों की हमेशा पालना करें।


# समग्रता से सफलता हासिल करना

## हम ध्यानपूर्वक संवाद करते हैं

हमारे ग्राहक, अंशधारक और कारोबारी भागीदार उस जानकारी की सटीकता, स्पष्टता और सत्यनिष्ठा पर भरोसा करते हैं, जो हम उनसे साझा करते हैं। हम संचार शुरू करने की ज़िम्मेदारी लेते हैं, जो इन उम्मीदों पर पूरी उतरती हैं, जिनमें सोशल मीडिया का इस्तेमाल करना शामिल हैं। हमारे बाहरी संवाद के सामंजस्य और लागू कानूनों और नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, कैन्नामैटल की ओर से सार्वजनिक तौर पर बोलने के लिए केवल कुछ लोग अधिकृत होते हैं।

### समग्रता से सफलता पाने का अर्थ है...

- यदि कंपनी के बारे में लोग या अन्य बाहरी पक्षकार, जिनमें मीडिया के प्रतिनिधि शामिल हैं, आपसे पूछताछ करते हैं, तो जनरल काउंसिल कार्यालय या कार्पोरेट कम्युनिकेशन्स से सम्पर्क करें।
- इंटरनैट या सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते समय कंपनी या हमारे ग्राहकों या कारोबारी भागीदारों संबंधी गोपनीय जानकारी साझा न करें।
- व्यक्तिगत कारणों से सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते समय, कभी भी गोपनीय जानकारी का खुलासा न करें और स्पष्ट रहें कि आपके विचार आपके स्वयं के हैं और कैन्नामैटल के विचारों का प्रतिबिंब नहीं हैं।
- कारोबारी उद्देश्यों के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल न करें, जब तक कि आप ऐसा करने के लिए अधिकृत न हों।
- सोशल मीडिया नीति में कैन्नामैटल एन्गेजिंग में दिए गए दिशा-निर्देशों का अनुपालन करें।



**हम सफल** होते हैं, जब हम **अच्छे निर्णय** लेते हैं।

दूसरे दिन, मैं औद्योगिक ब्लॉग पढ़ रहा था, उसको पढ़ते हुए मेरा ध्यान गया कि कोई हमारी कंपनी के बारे में कुछ बहुत ही अनुचित बातें कर रहा था। ब्लॉगर ने हमारी कंपनी पर सुरक्षा व गुणवत्ता को बहुत अधिक प्राथमिकता न देने का दोष लगाया था। इस बात ने मुझे बहुत परेशान कर दिया था - विशेष तौर पर मैं इससे पूरी तरह असहमत हूं। अपनी कंपनी का बचाव करने और अपने ग्राहकों को भरोसा दिलाना कि हम कोई कटौतियां नहीं करते, के लिए ऑनलाइन उत्तर न देना, मेरे लिए वाकई बहुत मुश्किल था, परंतु मैं जानता था कि अपनी नीति पर नज़र डालने और इस बारे में अपने प्रबंधक से बात करने के लिए मुझे अपने कदम वापिस खींचने की आवश्यकता है। ब्लॉग का उत्तर देने की बजाय, इस पोस्टिंग को मैने अपने प्रबंधक से साझा किया, फिर उन्होंने मेरी चिंताओं को कंपनी में उचित लोगों को भेजा। जैसा कि मैं इस मामले को सीधे हल करना चाहता था, परंतु मुझे ख़ुशी थी कि मैने मामले को सही ढंग से निपटाया था। मुझे यह जानकर अच्छा लगा कि कंपनी में सही लोग बेहतर संभव ढंग से उत्तर देने के सक्षम होंगे।

# समग्रता से सफलता हासिल करना

## हम अपने उत्पादों के पक्षधर हैं और अपने ग्राहकों को प्राथमिकता देते हैं

कैन्नामैटल में, हम कारोबार को कामयाब करते हैं और इसे बनाए रखते हैं - क्योंकि हम बढ़िया गुणवत्ता के उत्पाद, मूल्य और सेवा उपलब्ध करते हैं।





# समग्रता से सफलता हासिल करना

## हमें अपने उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा पर अपने आप पर गर्व है

समग्रता के लिए हमारी प्रतिष्ठा और हमारे ग्राहकों का भरोसा, ग्राहक और संविदात्मक विनिर्देशों की दृढ़ता से पालना करने की हमारी वचनबद्धता पर टिका हुआ है। हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारे उत्पाद हमेशा अपेक्षित विनिर्देशों को पूरा करते हैं और कि हम कभी भी अनाधिकृत प्रतिस्थापन या घटिया गुणवत्ता नियंत्रण या उत्पाद सुरक्षा समीक्षा प्रक्रियाएं नहीं अपनाते। हम सभी उत्पाद सुरक्षा व गुणवत्ता कानूनों व नियमों का अनुपालन करते हैं।

### समग्रता से सफलता पाने का अर्थ है...

- हमेशा ग्राहक की आवश्यकता के अनुसार उत्पाद दें और यदि आपको पक्का नहीं है कि ठेके या तकनीकी विनिर्देश की व्याख्या कैसे करें, तो ग्राहक या जनरल काउंसिल कार्यालय से मार्गदर्शन व स्पष्टता लें।
- अपने उत्पादों व उनकी विशेषताओं के बारे में सच्चाई, सटीकता व पूरी तरह बताएं।
- ग्राहक तक पहुंचाने से पहले सुनिश्चित करें हमारे सभी उत्पाद हमारी गुणवत्ता व सुरक्षा समीक्षा प्रक्रियाओं का अनुपालन करते हैं।


## जब सरकार हमारी ग्राहक हो, तो हम विशेष नियमों का अनुपालन करते हैं

वैश्विक कंपनी के तौर पर, हम दुनिया भर में सरकारों के साथ समय समय पर कारोबार करते हैं, हम कई कानूनों व नियमों, जो धोखाधड़ी, रिश्वत, हितों के टकराव, अपशिष्ट और अनुचित आचरण से जुड़े हुए हैं, के अधीन काम करते हैं। हम अपना सरकारी काम ईमानदारी व नैतिकता से करते हैं और हमारी ओर से काम करने वाले हर किसी से यही उम्मीद करते हैं, जिनमें कैन्नामैटल के एजेंट, वितरक और उप-ठेकेदार शामिल हैं, पर इन तक सीमित नहीं है। सरकार या सरकारी ठेकेदार द्वारा उत्पाद और प्रत्यक्ष सेवाएं देने संबंधी नियम जटिल हैं और लगातार बदलते रहते हैं और उल्लंघना के कारण प्रर्याप्त जुर्माने व दंड लग सकते हैं, और साथ ही सरकार की ओर से ठेके पर संभव निलंबन या रोक लग सकती है। कई सरकारें चाहती हैं कि हमारी कंपनी अपने कानूनों व नियमों के अनुसार काम करने की निगरानी रखे और जहां कहीं कुछ उल्लघनाएं हो सकती हैं, उनकी रिपोर्ट करे।

### समग्रता से सफलता पाने का अर्थ है...

- पहचानें कि अक्सर सरकारी ठेकों में कुछ विशेष दायित्व होते हैं, जो ठेठ व्यावसायिक अनुबंधों में नहीं होते।
- सच्चाई व ईमानदारी से काम करें और सरकारी ठेके पूरे करते समय अखंडता के उच्चतम स्तर बनाए रखें।
- कैन्नामैटल और सरकार के बीच वास्तविक या संभावी हितों के टकराव से बचें और यदि आपको हित के टकराव या यहां तक कि संभावी हित के टकराव का पता चल गया है, तो अपने प्रबंधक व जनरल काउंसिल कार्यालय को बताएं।
- सरकार के साथ किसी भी ठेके में शामिल होने से पहले जनरल काउंसिल कार्यालय से अग्रिम समीक्षा व स्वीकृति लें।
- सुनिश्चित करें कि सरकार के साथ ख़रीदारी, संविदा, मूल्य-निर्धारण और बिल तैयार करने के तरीके अनुवर्ती और सटीक हों और किसी भी संभावी ग़लतियों को तुरंत हल किया जाए।

# निष्कर्ष



कैन्नामैटल में हम कैसे सफल होते हैं, के पीछे सही निर्णय लेना शामिल है। इस संहिता की रूपरेखा की तरह इस्तेमाल करते हुए आपको सहायता मिलेगी - काम करने के हर पड़ाव पर। चाहे आपको पक्का न हो कि मुश्किल स्थिति से कैसे निपटना है या केवल यह पता करने की आवश्यकता हो कि कंपनी की नीति के बारे में अधिक जानकारी के लिए किस से सम्पर्क करना है, हमारी संहिता आपके मार्गदर्शन के लिए यहां है।

## टेलिफोन द्वारा केन्नामेटल हेल्पलाइन

नीचे सूचीबद्ध नंबरों के उपयोग से निम्न देशों से टेलीफोन द्वारा हेल्पलाइन तक सीधे पहुँचा जा सकता है:

| | |
|---|---|
| **अमेरिका और कनाडा** | +1-877-781-7319 |
| **इज़रायल** | 180-931-7187 |
| **इटली** | 800-879583 |
| **चीन** | 4006012267 |
| **जर्मनी** | 0800-186-2076 |
| **जापान** | 00531-11-0451<br>0066-33-830681<br>0034-800-600306 |
| **पोलैंड** | 00-800-151-0176 |
| **फ्रांस** | 0800-91-4367 |
| **ब्राज़ील** | 0800-892-0728 |
| **भारत** | 000-800-100-1704 |
| **मैक्सिको** | 001-844-285-0327 |
| **युनाइटिड किंगडम** | 0808-234-2939 |

टेलिफोन द्वारा निम्नलिखित देशों से यह हेल्पलाइन एक्सेस करने के लिए पहले AT&T अंतर्राष्ट्रीय एक्सेस नंबर डायल करके हेल्पलाइन नंबर +1-877-781-7319 डायल करें:

| | |
|---|---|
| **अर्जन्टिना** | Telecom 0-800-555-4288<br>Telefonica 0-800-222-1288 |
| **आयरलैंड** | 00-800-222-55288 |
| **इंडोनेशिया** | 001-801-10 |
| **ऑस्ट्रिया** | 800-200-288 |
| **ऑस्ट्रेलिया** | Telstra 1-800-881-011<br>Optus 1-800-551-155 |
| **कोरिया** | Korea Telecom 00-729-11<br>ONSE 00-369-11<br>Dacom 00-309-11 |
| **चिली** | Telmex 800-225-288<br>Telmex (स्पैनिश) 171-00-312 |
| **डेनमार्क** | 800-100-10 |
| **ताइवान** | 00-801-102-880 |
| **तुर्की** | 0-811-288-0001 |
| **थाइलैंड** | 1-800-0001-33<br>001-999-111-11 |
| **दक्षिण अफ्रीका** | 0-800-99-0123 |
| **नीदरलैंड्स** | 0800-022-9111 |
| **पुर्तगाल** | 800-800-128 |
| **बैल्जियम** | 0-800-100-10 |
| **बोलीविया** | 800-101-110<br>(स्पैनिश) 800-101-111 |
| **मलेशिया** | 1-800-80-0011 |
| **रूस** | 8^10-800-110-1011<br>मॉस्को और सेंट पीटर्सबर्ग 363-2400 |
| **वियतनाम** | 1-201-0288 |
| **सिंगापुर** | SingTel 800-011-1111<br>StarHub 800-001-0001 |
| **स्पेन** | 900-99-0011 |
| **स्लोवाकिया** | 0-800-000-101 |
| **स्विट्जरलैंड** | 0-800-890011 |
| **हंगरी** | 06-800-011-11 |
| **हांग कांग** | Hong Kong Telephone 800-96-1111<br>New World Telephone 800-93-2266 |

### केन्नामेटल हेल्पलाइन ऑनलाइन

**इंटरनेट से सुलभ:**
**kennametal.ethicspoint.com**

# सूची

## सूची


अंतिम उपयोग ..................25, 26
अखंडता ....................4, 6, 10-37
अतिथि-सत्कार ......................22
अनुचित व्यवहार.....................37
अनुशासनात्मक कार्रवाई.............5, 9
आपूर्ति आचरण के सिद्धांत .............5
आपूर्तिकर्ता ......................5, 23
आयात..................22, 25-26, 33
इंटरनैट..................7, 32, 35, 38
ईमेल ........................7, 31,33
उत्पाद गुणवत्ता ..........16, 17, 35, 37
उत्पाद जारी करना ...................29
उत्पाद सुरक्षा.......................37
उत्पीड़न ........................11-12
उपकरण.................... 15, 31, 33
उपहार ...................... 19, 22-23
उल्लंघनाएं.................... 5, 25, 37
एंटीट्रस्ट...........................17
एजेंट ....................5, 19, 20, 37
ऐच्छिक दान .......................21
ऑडिटर ...........................30
कंपनी की संपत्तियां.......... 29, 30, 31
कंपनी कोष .....................27, 30
कम्प्यूटर .......................30, 33
कार्य-स्थल पर लगने वाली चोटें ........15
कैन्नामैटल हैल्पलाइन ........... 7-8, 38
कॉपीराइट...........................32
ख़र्च .........................23, 30
ख़ुलासा........................30, 32
गुप्त सूचना.........................29
गुमनाम ...................... 7, 8, 38
गैर-प्रकटीकरण समझौता ..............32
गोपनीय...........7, 8, 18, 24, 31, 32, 34, 35, 38
गोपनीय जानकारी..... 18, 24, 31, 34, 35
ग्राहक........ 3, 11, 17, 23, 24, 25, 28, 32, 33, 35, 36, 37
चोरी.........................30, 31,33
जांच ........................ 7-9, 34
ट्रेडमार्क ...........................32
ट्रेडिंग विंडोज़.......................29
ठेके.........................24, 37
डराना धमकाना.....................12
डाटा-उल्लंघन.......................33
तृतीय पक्ष.........................32
दोहरा उपयोग ......................26
धर्मार्थ दान .........................15
धोखाधड़ी ......................30, 37
नकद ....................... 21, 23, 25
नकदी के समतुल्य...............23, 25
नाममात्र मूल्य.......................23
निजी जानकारी......................13
निजी जानकारी......................13
निजी लाभ......................24, 30
निर्यात .........................25-26
नैटवर्क ...........................33
नैतिक निर्णय लेना....................5
नैतिकता व अनुपालन कार्यालय .....7, 24, 30, 41
नोटिस रोकना.......................34
पक्षपात ........................11, 12
परमिट.......................15, 21
पर्याप्त स्वामित्व......................24
पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा (EHS) ....15
पाबंदियां...........................26
पारदर्शिता .....................24, 30
पारिवारिक सदस्य................21,24,29
पेटेंट.............................32
प्रतिधारण अनुसूची...................34
प्रतिबंध...........................26
प्रतिबंधित पक्ष......................26
प्रतियोगिता .........................17
प्रतियोगी सूचना ....................18
प्रतिशोध............................9
प्रतिष्ठा .........3, 5, 6, 16, 23, 24, 37
प्रमाणीकरण.....................41-42
प्रश्न पूछना......3, 5, 6, 7, 8, 9, 30, 32
बढ़ रही चिंताएं....................6-9
बढ़िया पसंद ........................5
बहिष्कार ..........................26
बाहरी संचार.......................35
बोलना ..........................6-9
बोलियां.......................17, 24
बौद्धिक संपत्ति ......................32
भंडार ...........................29
भीतरी जानकारी ....................29
भौतिक संपत्ति .......................31
भ्रष्टाचार-रोधी ......................19
मनोरंजन ........................21-23
मादक द्रव्यों का सेवन ...............15
मीडिया के साथ संचार...............35
मूल्य ...................... 4, 28, 41
मोबाइल उपकरण ...................33
यथोचित परिश्रम.....................20
योगदान ........................11,27
राजनीतिक अधिकारी .................21
राजनीतिक गतिविधि .................27
राजस्व ...........................30
रिकॉर्डों का प्रबंधन ..................34
रिपोर्टिंग.................7, 9, 30, 38
रिश्वत-रोधी........................19
रीसाइकलिंग........................15
रैड फ़्लैग्स .........................21
लाइसैंस ..........................21
वितरक...................5, 19, 20, 37
वित्तीय पूंजी.........................31
वित्तीय प्रदर्शन......................29
वित्तीय रिपोर्टिंग.....................30
वित्तीय विवरण ....................30
विविधता ..........................11
वैश्विक व्यापार कानून............25, 26
वॉलंटियर..........................15
व्यापार के रहस्य ...................32
व्यापार संघ...................17, 18
व्यापारिक गतिविधि से बाहर...........24
व्यापारिक भागीदार...... 4, 5, 6, 11, 13, 23, 24, 28, 29, 31, 35
संरक्षित विशेषता.....................11
संवेदनशील जानकारी ................33
सटीक लेखा-बही व रिकार्ड्स ......17, 20, 23, 30, 37
सद्भावना............................9
समावेश ..........................13
सम्मान .......... 11-13, 15, 12, 23, 32
सरकारी अधिकारी............ 19, 20-21
सरकारी ठेके .......................37
सामग्री की जानकारी ................29
सामाजिक उत्तरदायित्व...............14
सार्वजनिक कथन ...................27
सीमा-शुल्क ........................21
सुरक्षा के तरीके.............. 14-15, 35
सुविधा सेवा भुगतान ................20
सूचना-तंत्र ........................33
सोशल मीडिया.................27, 35
स्वामित्व की जानकारी...............31
स्वीकृति, लिखित और पूर्व.........18, 20, 21, 23, 24, 27, 31, 37
हितों का टकराव.................24, 37

# प्रमाणीकरण



# प्रमाणीकरण

## कैन्नामैटल आचार संहिता प्रमाणीकरण एवं प्राप्ति संबंधी पृष्ठ

मैं स्वीकार करता/करती हूं कि मैने कैन्नामैटल आचार संहिता ("संहिता")प्राप्त कर, पढ़ और समझ ली है और नीचे हस्ताक्षर करके मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि मैं नैतिक रूप से कार्य करूंगा/करूंगी, जो कि कंपनी के मिशन,दृष्टिकोण और मान्यताओं के साथ साथ संहिता के संदर्भ में कैन्नामैटल संहिता और अन्य नीतियों व प्रक्रियाओं के अनुरूप हैं। मैं समझता/समझती हूं कि संहिता में निर्धारित नीतियों, प्रचलनों और दिशा-निर्देशों की पालना करना मेरी ज़िम्मेदारी है और कि मेरा अनुपालन मेरे निरंतर रोज़गार की नियम व शर्त है।

मैं समझता/समझती हूं कि संहिता, नैतिक रूप से कारोबारी कामकाज में कैन्नामैटल की नीतियों व प्रचलनों के लिए एक गाइड के तौर पर मार्गदर्शन के लिए तैयार की गई है। मैं समझता/समझती हूं कि कंपनी की नीतियां अतिरिक्त विवरण उपलब्ध करती हैं और मेरे अनुरोध पर उपलब्ध हैं।

मैं समझता/समझती हूं कि कैन्नामैटल किसी भी समय संहिता में दी गई नीतियों में संशोधन कर सकता है। मैं समझता/समझती हूं कि मौजूदा नीतियों में किए गए संशोधन SharePoint पर उपलब्ध होंगे या मैं अपने सुपरवाइज़र, मानव संसाधन या नैतिकता व अनुपालन कार्यालय से मौजूदा नीतियों की प्रतिलिपि का अनुरोध कर सकता/सकती हूं।

मुद्रित नाम

कर्मचारी का नंबर

हस्ताक्षर

तिथि

यह हस्ताक्षरित प्रमाणीकरण पृष्ठ अपने मानव संसाधन प्रतिनिधि को वापिस करें।
**अपने व्यक्तिगत रिकॉर्ड्स के लिए आप एक प्रतिलिपि रख सकते हैं।**
















KENNAMETAL®

www.kennametal.com